योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- माहिष्मती घाट पर उमड़ा जनसैलाब, नर्मदा तट पर कलेक्टर ने किए कठिन मयूरासन और शीर्षासन, हजारों नागरिकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

# प्रधानमंत्री के प्रयासों से 175 से अधिक देशों तक पहुंची भारतीय परंपरा : मंत्री उईके



**मंडला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को माँ नर्मदा के पावन तट माहिष्मती घाट पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और हजारों नागरिकों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती उईके ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से आज वैश्विक पहचान मिली है। आज विश्व के 175 से भी अधिक देशों में योग को अपनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का सबसे प्रभावी माध्यम है, जिसे हर व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान मंडला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने नर्मदा तट के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शीर्षासन एवं मयूरासन जैसे कठिन आसनों का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी को अचंभित और प्रेरित किया।

**आदर्श बाल गृह मंडला में मनाया योग दिवस**–आदर्श बाल गृह (बालक) में योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के पहले चरण में बच्चों और स्टाफ ने कोलकाता से प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इसके बाद योग प्रशिक्षक दयाशंकर जोशी एवं आर.पी. उपाध्याय के मार्गदर्शन में सभी ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस मौके पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य अब्दुल गनी खान और बाल गृह अधीक्षक अकील अहमद सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि बच्चों के समग्र विकास, आत्मविश्वास और एकाग्रता बढ़ाने के लिए संस्था में प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास कराया जाता है।

### आयुष विभाग के शिविर में 148 लोगों ने किया योगाभ्यास



रामनगर। कलेक्टर एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा ऐतिहासिक स्थल मोतीमहल रामनगर में विश्व योग दिवस मनाया गया। निश्चित प्रोटोकॉल के तहत आयोजित इस शिविर में पतंजलि योग समिति के सदस्यों, नायब तहसीलदार अंजनिया, स्थानीय सरपंच, शासकीय स्कूल के प्रधानाचार्य, स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आयुष विभाग से डॉ. सीमा भवेदी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. मुकेश कुमार महाजन होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी और योग प्रशिक्षक राजेश श्रीवास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से कुल 148 लोग लाभान्वित हुए।

### योग दिवस पर शिविर में हुआ 105 यूनिट रक्तदान



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वास्थ्य एवं जनकल्याण को समर्पित विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिलेवासियों ने इस पुनीत कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराते हुए कुल 105 यूनिट रक्त संग्रह किया। इसमें ज्ञानदीप स्कूल से 58 यूनिट, माहिष्मती घाट से 42 यूनिट और जिला चिकित्सालय से 5 यूनिट रक्त संकलित हुआ। शिविर के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने खुद आगे बढ़कर मिसाल पेश की। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसी तरह माहिष्मती घाट पर आयोजित शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना ने भी रक्तदान कर इसे जीवनदान की संज्ञा दी।

### बिछिया में मनाया योग दिवस, जुटे नगर के गणमान्यजन



भुआ बिछिया। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। भाजपा मंडल योग प्रभारी योगेश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और नगर के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रिखीराम परस्ते, विद्याभारती वनांचल सेवा न्यास महाकौशल प्रांत के सचिव डॉ. विजय आनंद मरावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, विद्याभारती सदस्य अशोक नानकानी और नगर कार्यवाह कमलेश उईके विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता विजेंद्र कोकाडिया, प्राचार्य राम बाहोरी पटेल, योग शिक्षक डी.एल. गवले सहित मंडल पदाधिकारियों, सांसद प्रतिनिधियों और विद्यालय के समस्त आचार्य व दीदी जी ने योग आसनों का अभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## किडजी स्कूल में बच्चों ने खेल-खेल में सीखे योग के गुर



**मंडला।** सिविल लाइन्स स्थित किड्ज़ी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ योगाभ्यास किया। इस विशेष सत्र में अनुभवी योग प्रशिक्षक चंद्रगुप्त नामदेव के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी उम्र के अनुसार सरल और प्रभावी योगासनों को खेल-खेल में बेहद आनंददायक तरीके से सीखा। किड्ज़ी स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए यहाँ प्रति बुधवार को विशेष योग गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जिससे बच्चों में एकाग्रता, लचीलापन और सकारात्मक सोच विकसित हो सके। इस सफल आयोजन में प्राचार्या शालिनी शुक्ला, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी सहित स्कूल स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

### ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में हुआ योग दिवस का आयोजन



स्थानीय ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस वर्ष की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग के अंतर्गत मनाया गया। इस दौरान आयोजित योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और संवाद ने सत्र को बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक बनाया। विद्यालय के खेल शिक्षक अभिषेक यादव ने छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। एकेडमी के डायरेक्टर निशांत शुक्ला ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने की कला है। कार्यक्रम का सफल समन्वय सीनियर कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन एवं मंच संचालन राजुल सिंहानी ने किया। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सक्रिय सहयोग रहा।

## तीन शिविरों में आए 100 आवेदन, निराकरण का अता-पता नहीं

▸ कलेक्टर की अनूठी पहल पर विभागीय अधिकारियों ने फेरा पानी




**नैनपुर।** समाज को दिशा देने वाला और बच्चों के भविष्य को संवारने वाला शिक्षक आज खुद अपनी जायज समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। विकासखंड नैनपुर के शिक्षक लंबे समय से नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पेंशन और टीईटी परीक्षा जैसी राज्य स्तरीय समस्याओं के साथ-साथ स्थानीय स्तर की विभागीय विसंगतियों से जूझ रहे हैं। जिले में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले तो होते रहे, लेकिन शिक्षकों की सुध लेने वाला कोई नहीं था।

**कलेक्टर का नवाचार पड़ा सुस्त**–शिक्षकों की इन पुरानी और जायज मांगों को देखते हुए जिले के नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने एक सराहनीय पहल की थी। उनके निर्देशानुसार जून माह के प्रत्येक शनिवार को विकासखंड स्तर पर शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्यवश, जमीनी स्तर पर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण कलेक्टर की यह बेहतरीन योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। इसका मुख्य कारण विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार न करना और खुद शिविर से दूरी बनाए रखना है।

**शिविर में सिर्फ आवेदन का खेल**–शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी नैनपुर ने औपचारिकता पूरी करने के लिए तीन प्रभारी प्राचार्यों, बाबूओं और भृत्यों की एक टीम तो तैनात कर दी, जो हर शनिवार सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक केवल आवेदन जमा कर रही है। परंतु खुद बीईओ की अनुपस्थिति के कारण इन आवेदनों पर कब और कैसे कार्रवाई होगी, यह बताने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी वहां मौजूद नहीं रहता। पीड़ित शिक्षकों का कहना है कि कागजों और ज्ञापनों का यह खेल वर्षों से चल रहा है, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। उल्टे छोटे-छोटे कामों के लिए शिक्षकों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ता है।

लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीईओ कार्यालय नैनपुर में आयोजित शिविर के पहले शनिवार को 12, दूसरे शनिवार को 18 और तीसरे शनिवार को लगभग 70 शिक्षकों ने अपनी समस्याओं के आवेदन सौंपे। अब तक कुल 100 के करीब आवेदन जमा हो चुके हैं, लेकिन इन पर विभाग ने क्या कदम उठाया, इसकी कोई जानकारी शिक्षकों को नहीं दी गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारी कलेक्टर के इस नवाचार को विफल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी कमियां उच्च स्तर तक न पहुंच सकें।



## सीआरपीएफ मुख्यालय में कराया योगाभ्यास

**मंडला।** 148 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय प्रांगण में कमांडेन्ट विक्रांत सारंगपाणि के मार्गदर्शन में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह ने जवानों को योग के महत्व और इसकी सही प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने जवानों को इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी प्रमोद कुमार यादव, सहायक कमाण्डेंट श्रीमती मनोरमा सिंह, सूबेदार मेजर लाल बहादुर थापा सहित बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे।

## एसपी ने थाना निवास, कोतवाली और मनेरी चौकी का किया औचक निरीक्षण

▸ पेंडिंग मामलों को जल्द निपटाने के सख्त निर्देश



**मंडला।** जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त, प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया है। एसपी ने बिना किसी पूर्व सूचना के थाना निवास, थाना कोतवाली एवं पुलिस चौकी मनेरी का औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में दिनभर हड़कंप की स्थिति बनी रही। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थानों और चौकी के कार्यालयीन अभिलेखों, अपराध रजिस्टरों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार और सीसीटीएनएस कंप्यूटर प्रणाली के कार्यों का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने थानों में लंबित पड़े अपराधों, आम जनता की शिकायतों और विवेचनाओं की विस्तृत समीक्षा की। एसपी ने थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

**असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश-** सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एसपी श्री रघुवंशी ने थाना प्रभारियों और पुलिस बल को क्षेत्र में सतत भ्रमण (पेट्रोलिंग), रात्रि गश्त और सघन वाहन चेकिंग चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर प्रभावी निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों के प्रति जनता में जागरूकता बढ़ाने, फरार एवं वारंटी आरोपियों की धरपकड़ तेज करने और जनसुनवाई को विशेष प्राथमिकता देने पर जोर दिया। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने थाना एवं चौकी परिसरों में मिली उत्कृष्ट साफ-सफाई, कड़े अनुशासन और दस्तावेजों के व्यवस्थित रखरखाव की सराहना की। उन्होंने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नसीहत देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण करना ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक पुलिसकर्मी को जनता के साथ संवेदनशील, सौहार्दपूर्ण और जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए ताकि आम नागरिक बिना किसी डर के पुलिस तक पहुंच सकें। सभी सेवा, सुरक्षा और सद्भाव की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।



### अनिल मरकाम ने संभाला प्राचार्य का पदभार

**मंडला।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल सेमरखापा में उच्च पद प्रभार प्राप्त व्याख्याता एवं पूर्व सहायक जिला परियोजना समन्वयक अनिल मरकाम ने प्राचार्य पद का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस कार्यक्रम में शिक्षक संघ अध्यक्ष विवेक शुक्ला, सेवानिवृत्त प्राचार्य अखिलेश चंद्रोल, शैल दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिंगौर, जिला परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास, पूर्व प्राचार्य सुशील पटेल, सुशील अर्शिया और सुदीप पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## विद्या प्रवेश कार्यक्रम के साथ 320 बच्चों का हुआ नामांकन

▸ नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ, केंद्रीय मंत्री और सांसद ने दी बधाई



**नैनपुर।** नगर की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के शिक्षा जगत में एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। सोमवार को विद्यालय परिसर में आयोजित विद्या प्रवेश कार्यक्रम के साथ इस नए शैक्षणिक सत्र का भव्य शुभारंभ किया गया। पहले ही दिन बालवाड़ी से लेकर कक्षा 5वीं तक के कुल 320 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का नामांकन कर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते तथा नैनपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान मंच पर पूर्व राज्य मंत्री देव सिंह सैयाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संजू लता वैष्णव एवं एसडीएम आशुतोष महादेव ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**तिलक लगाकर बांटी गई शिक्षण सामग्री** -विद्या प्रवेश कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने छोटे-छोटे बच्चों का तिलक वंदन कर उन्हें शिक्षण सामग्री वितरित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और संस्थान की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। वहीं प्रदेश की मंत्री सम्पतिया उइके ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्तित्व निर्माण की असली आधारशिला है। नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय खुलने से क्षेत्र के बच्चों को बेहतरीन अवसर मिलेंगे। शासन की प्राथमिकता है कि यह विद्यालय जल्द ही अपने सर्वसुविधायुक्त और भव्य भवन में स्थानांतरित होकर शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बने। इससे पहले, संस्था के प्राचार्य नंदकिशोर कार्तिकेय ने विद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।

हर मौसम से लड़कर पिता ने सिखाया मेहनत का पाठ, अब बेटा बंटा रहा जिम्मेदारियों में हाथ

## 63 की उम्र में नहीं टूटा जज्बा, रोज करते हैं साईकिल से सफर



**अंजनियां।** सुबह के ठीक 6 बजते हैं। जब अधिकांश लोग अपनी नींद से जागकर दिन की शुरुआत की तैयारी कर रहे होते हैं, तब 63 वर्षीय रामगोपाल पटेल अपनी साइकिल पर सवार होकर सफर पर निकल चुके होते हैं। करियर के 35 साल और ढलती उम्र के बावजूद उनके जज्बे में कोई कमी नहीं आई है। साइकिल पर अखबारों का भारी बंडल लादे रामगोपाल जी रोज 35 से 40 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, ताकि अंजनियां सहित आसपास के आधा दर्जन गांवों के पाठकों तक सुबह की ताजा खबरें वक्त पर पहुंच सकें। फादर्स डे के खास मौके पर रामगोपाल पटेल की यह कहानी उन सभी पिताओं को समर्पित है, जो बिना थके, बिना रुके अपने परिवार के सपनों को पूरा करने के लिए जिंदगी भर संघर्ष की साइकिल चलाते रहते हैं।

रामगोपाल पटेल कड़कड़ाती ठंड, चिलचिलाती गर्मी हो या मूसलाधार बारिश मौसम का कोई भी मिजाज कभी उनके इस सफर के आड़े नहीं आ सका। आज रामगोपाल पटेल के पुत्र गज्जू पटेल को इस बात का गर्व है कि वे अपने पिता की इस उम्र में उनके साथ इस जिम्मेदारी में हाथ बंटा रहे हैं। वर्षों की इस कठिन मेहनत से रामगोपाल जी ने न केवल अपने परिवार का भविष्य संवारा, बल्कि समाज के सामने अनुशासन और कर्तव्यपरायणता की एक अनूठी मिसाल भी पेश की है।

## अनियंत्रित होकर रिहायशी मकान में घुसा डंपर, टला बड़ा हादसा



**मंडला।** जिले के समीपवर्ती ग्राम बर्राटोला में 20 जून की रात करीब 10 बजे एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। यहाँ दो डंपरों की आपसी भिड़ंत के बाद एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सीधे एक रिहायशी मकान में जा घुसा। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त घर के उस हिस्से में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी जनहानि होने से बच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त डंपर सामग्री से पूरी तरह से ओवरलोड था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। पीछे से लगी इस भीषण टक्कर के कारण आगे चल रहे डंपर का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। नतीजा यह हुआ कि अनियंत्रित गाड़ी सीधे सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसी।

**पोकलेन की मदद से निकाला गया क्षतिग्रस्त वाहन-** राहत कार्य शुरू करते हुए पुलिस की मौजूदगी में तत्काल एक पोकलेन मशीन को मौके पर बुलाया गया। पोकलेन की सहायता से पहले डंपर में लोड सामग्री को खाली कराया गया, जिसके बाद क्रेन और पोकलेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को मकान के मलबे से अलग कर बाहर निकाला गया। घुघरी पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है और चालकों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

सेवा भावना

कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके और साध्वी ऋचा गोस्वामी ने युवाओं के संकल्प को सराहा

## अन्नदान संगठन ने एक सप्ताह में बांटी 1000 से अधिक मुफ्त भोजन थाली



**मंडला।** शास्त्रों में अन्नदान को महादान और भूखे को भोजन कराने को सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। इसी सेवा भावना को आत्मसात करते हुए जिले के कुछ उत्साही सोशल मीडिया क्रिएटर्स और समाजसेवी युवाओं ने मिलकर अन्नदान संगठन की स्थापना की है। कोई भी जरूरतमंद रात को भूखा न सोए के दृढ़ संकल्प के साथ शुरू की गई इस मुहिम ने बेहद कम समय में नगर में एक नई मिसाल पेश की है। जानकारी अनुसार संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले कुछ सोशल मीडिया क्रिएटर महिष्मती घाट पर बैठे थे, इसी दौरान एक असहाय और भूखा व्यक्ति उनके पास आया, जिसने संभवतः दो दिनों से कुछ नहीं खाया था। युवाओं ने तुरंत उसे भोजन कराया और उसी पल यह संकल्प लिया कि अब कोई भी असहाय रात को भूखा नहीं सोएगा।

**नहीं लेते आर्थिक सहयोग-** अन्नदान संगठन की सबसे खास बात यह है कि यह टीम किसी भी दानदाता से कोई नगद या आर्थिक सहयोग स्वीकार नहीं करती है। यदि कोई नगरवासी इस यज्ञ में अपना योगदान देना चाहता है, तो संगठन उनसे स्वयं आकर अपने हाथों से जरूरतमंदों को थाली वितरित करने का आग्रह करता है, युवाओं के इस सेवा भाव पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने युवाओं के इस प्रयास को देखकर उनकी जमकर पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि युवाओं द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत वंदनीय है। वहीं मंडला प्रवास पर आईं सुप्रसिद्ध कथावाचिका साध्वी ऋचा गोस्वामी भी महिष्मती घाट पर पंचकोशी महा आरती के दौरान इस नजारे को देख भावविभोर हो गईं। उन्होंने युवाओं से चर्चा कर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। संगठन ने बताया कि सक्रियता के मात्र एक हफ्ते के भीतर ही वे करीब 1000 से अधिक जरूरतमंदों तक थाली पहुंचा चुके हैं। संगठन के सदस्यों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे भी इस अन्नदान यज्ञ में सहभागी बनें और अपने आस-पास किसी भी व्यक्ति को भूखा न सोने दें।